स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण नीति

ईएसएल स्टील लिमिटेड में हम अपने सभी व्यावसायिक व्यवहारों द्वारा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के लिए प्रबंधन एवं सहकर्मियों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।

<u>ईएसएल स्टील लिमिटेड का प्रयास है</u> :–

- कर्मचारियों तथा व्यावसायिक साथियों को चोट और बीमारी से बचाने के लिए हम सुरक्षित, स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करने और व्यावसायिक खतरों के प्रभाव को कम करने हेतु लक्ष्यों को निर्धारित कर उसे लगातार नियंत्रित करते हैं।
- स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण नीति से संबंधित उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं और मानकों के साथ–साथ सभी लागू स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय वैधानिक और नियामक दायित्वों का अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- कार्यान्वित समितियों और उपसमितियों के माध्यम से एच.एस.ई प्रक्रियाओं और प्रथाओं को आगे समायोजित करेंगे, जिसका नेतृत्व सीधे संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाता है, जो एच.एस.ई और स्थिरता में हमारे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- व्यवसायिक साथियों और कर्मचारियों की क्षमता को बढाना तथा उन्हें एच.एस.ई यात्रा में योगदान करके प्रदर्शन की समीक्षा करके विकास के कमी को दूर करना।
- कार्यस्थल में कर्मचारियों और हितधारकों के साथ प्रभावी संचार, भागीदारी और परामर्श के माध्यम से संगठन के भीतर साकारात्मक संस्कृति को बढ़ावा देते हैं।
- हमारे कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों को वार्षिक रिपोर्ट में चिन्हित कर एच. एस.ई के मुख्य परफॉर्मेंस इंडिकेटर (KPI) में शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- कार्यस्थल पर जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने के लिए समय–समय पर स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण की अंकेक्षण, जोखिम का मूल्यांकन और अन्य समान अभ्यास आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- जागरूकता कौशल और योग्यता को समृद्ध करते हुए कार्यस्थल पर अपने कर्मचारियों और हिताधारकों के सीखने और विकास के माध्यम से कार्य के प्रदर्शन को बढाने के लिए उनकी भागीदारी, जिम्मेदारी और जवाबदेही को दर्शाने के लिए प्रतिबिद्ध हैं।
- पर्यावरण के अनुकूल, उर्जा संरक्षण एवं प्रक्रिया में सुधार के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का सरंक्षण, जल एवं कच्चे माल का सही उपयोग, प्रदूषण नियंत्रण, ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, जैव–विविधता के प्रभाव, पुनर्चक्रण, अपशिष्ट में कमी और ऊर्जा संरक्षण द्वारा जलवायु परिवर्तन के मुद्दों से सक्रिय रूप से निवारण के लिए हम प्रतिबद्ध हैं और सभी कार्यों में टिकाऊ विकल्पों का चयन करके सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को समाप्त करना।
- कर्मचारियों व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय को उच्च जोखिम वाली बीमारियों के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करना । हम यह सुनिश्चित करते हैं कि बीमारी से प्रभावित लोगों को बिना किसी भेदभाव के देखभाल, उपचार के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाए, नौकरियों की निरंतरता का आश्वासन दिया जाए, तथा चआईवी एड्स से से प्रभावित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने में सहायता की जाए।
- समुदाय और हितधारकों के साथ जुड़ाव और सहयोग से उनकी समस्या को उचित रूप से संबोधित करते हैं।

रवीश शर्मा
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
एवं पूर्णकालिक निदेशक
ईएसएल स्टील लिमिटेड

दिनांक : 02.05.2026, सं. सं. 03
द. सं. ESL/POL/SUS/001

Sensitivity: Confidential (C2)